कार्यालय प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेलः– principal.npgcsr@gmail.com

क्रमांकः /2563/2024 रायपुर, दिनांक 27.05.24

//सूचना//

महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली स्वशासी स्नातक **बी.एस–सी. चतुर्थ सेमेस्टर –2024** की **सेमेस्टर परीक्षा जून–जुलाई–2024** मे सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र–छात्राओं हेतु पात्रतानुसार ऑनलाइन पद्धति द्वारा महाविद्यालय के वेबसाईट www.gnscr.ac.in द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

A- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–

कं.	विवरण	निर्धारित तिथि
1	निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क)	दिनांक 03.06.2024 से 10.06.2024 तक
2	निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ	दिनांक 11.06.2024 से 13.06.2024 तक

टीपः– निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

B- परीक्षा शुल्क एवं प्रकिया शुल्क का विवरण–

कक्षा/परीक्षा का नाम	परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन प्रकिया शुल्क
बी.एस–सी. चतुर्थ सेमेस्टर	रू. 1350/–	रू. 50/–

C- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का समय एवं स्थान–

समय–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

स्थान– महाविद्यालय के **लेखा शाखा** के काउन्टर मे।

D- सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देशः–

1. सेमेस्टर परीक्षा–2024 हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gnscr.ac.in के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट www.gnscr.ac.in मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राएँ परीक्षा अनुकमांक या पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के बाद परीक्षा फार्म की कापी प्रिंट करके अपने पास रखेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।

E- परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता–

बी.एस–सी चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2024 की परीक्षा मे निम्नलिखित छात्र/छात्राओ को परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता होगी–

1. बी.एस–सी चतुर्थ सेमेस्टर मे प्रोन्नत (Promoted) समस्त छात्र/छात्राएँ।
2. बी.एस–सी तृतीय सेमेस्टर मे उत्तीर्ण या एटीकेटी प्राप्त छात्र/छात्राए जो कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा मे उत्तीर्ण हो।

F- अन्य जानकारी-

1. परीक्षार्थी द्वारा **बी.एस–सी. चतुर्थ सेमेस्टर** मे अध्ययन किए गए विषय समूह के अंतर्गत **DSC, AEC एवं SEC Course** का चुनाव सावधानीपूर्वक करें।
2. परीक्षार्थी महाविद्यालय द्वारा आयोजित बी.एस–सी. तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा की अंकसूची की वेब कापी की अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।
3. सेमेस्टर परीक्षा मे **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे उन्हे आगामी सेमेस्टर परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।
4. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक अॅकसूचियों/प्रमाणपत्रों की जानकारी दी है वह सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय दी गई जानकारी भरे है, वह सही है, जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह परीक्षार्थियों की स्वयं की जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।
5. विश्वविद्यालय अध्यादेश कमांक 197 के अनुसार बी.एस–सी. सेमेस्टर प्रणाली मे परीक्षा परिणाम को निम्न श्रेणी मे रखा गया है–

कं.	श्रेणी	रिमार्क
1	उत्तीर्ण (Pass) /प्रोन्नत (Promoted)	सभी विषयों के प्रश्न पत्र मे उत्तीर्ण
2	एटीकेटी (ATKT)	विषय/विषयों के एक या दो प्रश्न पत्र मे अनुत्तीर्ण
3	भूतपूर्व (Ex) /निरूद्ध (Detained)	दो से अधिक विषयों के प्रश्न पत्रों मे अनुत्तीर्ण

27/1/24

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

27/1/24

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2. लेखापाल, शास. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
3. छात्र शाखा लिपिक/कैशियर, शास. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
4. श्री टिकेन्द्र साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
5. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

27/1/24

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)